मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः16.11.2024

थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 05 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से पीली व सफेद धातु के आभुषण व नगदी बरामद—

थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 14.11.2024 को वादी मु0आरिफ पुत्र निजामुद्दीन निवासी गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध वादी के घर से आलमारी का ताला तोड़कर आभूषण आदि चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर पर मु0अ0सं0-226/2024 धारा 331(4),305(ए),317(2),317(5) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अदलहाट को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 16.11.2024 को थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम छुतिहार नहर पुलिया के पास से 05 नफर शातिर अभियुक्तों 1. अंकित कुमार सिंह पुत्र मुन्ना पटेल, 2. विकाश पटेल पुत्र स्व0 छन्नू लाल पटेल, 3. अभिषेक पुत्र श्याम चन्द सिंह, 4. सद्दाम अंसारी पुत्र सलीम निवासीगण ग्राम गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर व 5. संजीव कुमार सिंह पुत्र स्व0 बिहारी सिंह पटेल निवासी गौरही थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 जोड़ी बाली (पीली धातू), 01 जोड़ी टप्स (पीली धातू), दो जोड़ी पायल (सफेद धातू), एक अदद राखी (सफेद धातू), एक अदद कंगन (सफेद धातू), एक अदद टैबलेट व 33000 रूपये नगद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण—

1. अंकित कुमार सिंह पुत्र मुन्ना पटेल, निवासी ग्राम गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।
2. विकाश पटेल पुत्र स्व0 छन्नू लाल पटेल, निवासी ग्राम गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।
3. अभिषेक पुत्र श्याम चन्द सिंह, निवासी ग्राम गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।
4. सद्दाम अंसारी पुत्र सलीम निवासी ग्राम गरौड़ी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।
5. संजीव कुमार सिंह पुत्र स्व0 बिहारी सिंह पटेल निवासी गौरही थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।

बरामदगी विवरण-

01 जोड़ी बाली (पीली धातू), 01 जोड़ी टप्स (पीली धातू), दो जोड़ी पायल (सफेद धातू), एक अदद राखी (सफेद धातू), एक अदद कंगन (सफेद धातू), एक अदद टैबलेट व 33000 रूपये नगद बरामद।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-226/2024 धारा 331(4),305(ए),317(2),317(5) बीएनएस थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।

कार्यालय